# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025


तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री


04 अष्टमी पर हवन और 9 कन्याओं को भोज कराया गया





02 महानवमी पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना...






## खबर संक्षेप

### खेत में दवाई छिड़काव करते बिगड़ी तबीयत, हुई मौत

**डौंडीलोहारा।** ग्राम संबलपुर में अपने खेत में दवाई छिड़काव के लिए गए युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार यशवंत साहू 23 वर्ष शुक्रवार को ग्राम स्थित अपने खेत में दवाई छिड़काव हेतु गया हुआ था।खेत में ही उसकी तबियत बिगड़ गई तथा लोगों की मदद से नगर के अस्पताल में लेकर आए, जहां परीक्षण उपरांत डॉक्टर ने उसे मृत घोषित किया। टीआई मुकेश सिंह ने बताया कि पीएम के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल पाएगा। वार्ड बाय चंद्रभूषण रात्रे की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### जिपं अध्यक्ष ने माता की पूजा कर सुख-समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की



**बालोद।** गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खपरी भेंड्रा में विराजित माता रानी की हवन में अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द् चन्द्राकर, पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर शामिल हुए और ग्राम बिरेतरा में जनप्रतिनिधि सम्मेलन में शामिल हुए साथ ही मातारानी की पूजा अर्चना कर पूरे जिला वासियों की स्वस्थ जीवन की कामना किये।

### बस की ठोकर से स्कूटी सवार महिला घायल

**बालोद।** स्कूटी सवार महिला को बस ने ठोकर मार दी, जिससे महिला घायल हो गई। जिसके बाद महिला के भाई ने बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज करया है। ग्राम घोटिया निवासी चमन ने पुलिस को बताया कि मेरी बहन किरण पडौती ग्राम कुंआगोंदी के आंगनबाडी कार्यकर्ता है व अपने ससुराल ग्राम ठेमाबुजुर्ग से ग्राम कुंआगोंदी प्रतिदिन आना जाना करती है, 25 सितंबर को मेरी बहन किरण पडौती अपनी स्कुटी क्रमांक सीजी 24 एफ 9116 को स्वयं चलाकर अपने डियुटी कर ग्राम कुंआगोंदी से घर ग्राम ठेमाबुजुर्ग जाने के लिए निकली थी, जो पोल्ट्री फार्म के पास डौंडी घोटिया जाने वाले मेन रोड में अपने स्कुटी को चलाकर करीबन 04 बजे पार कर रही थी, इसी दौरान घोटिया तरफ से आ रही बस क्रमांक सीजी 24 एस 1005 के बस चालक ने खतरनाक तरीके से बस चलाकर दाहिने तरफ से आकर जोर से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मेरी बहन किरण पडौती के सिर के बांया तरफ व दोनो पैर व दांए चेहरा तरफ चोट आई व स्कुटी क्षतिग्रस्त हो गया है। प्राथमिक उपचार हेतु डौंडी सरकारी अस्पताल शेष पेज 02 पर

# ऐतिहासिक उपलब्धि: बालोद देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बना

हरिभूमि न्यूज बालोद

जिला प्रशासन एवं समाज के सभी वर्गों के सहयोग से सवा दो वर्ष के अवधि के दौरान एक भी बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नहीं होने पर बालोद जिले को देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुआ है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं संपूर्ण जिलेवासियों के सहयोग से बालोद जिले को देश का पहला बाल विवाह मुक्त जिला बनने का गौरव प्राप्त होने पर बालोद जिला प्रशासन को बधाई दी है। इसके साथ ही महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी बालोद जिले को मिले इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने बालोद जिले की इस उपलब्धि को छत्तीसगढ़ राज्य सहित संपूर्ण देश के लिए प्रेरणादायी बताया।

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के किसी भी ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में मई 2023 के पश्चात अब तक एक भी बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नही होने पर जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से बालोद जिले को यह महत्वपूर्ण उलपब्धि हासिल हुआ है। विदित हो कि बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत या नगरीय निकाय बनने के लिए संबंधित ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों में विगत 2 वर्षों में एक भी बाल विवाह के प्रकरण प्राप्त नही होना अनिवार्य है। बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय बनने के शेष पेज 02 पर

## ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए कलेक्टर ने जिलावासियों का आभार जताया



### सीएम ने जतायी प्रसन्नता


बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में उपरोक्त सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के उपरांत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के द्वारा 436 ग्राम पंचायतों एवं 9 नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित होने के संबंध में प्रमाणपत्र भी जारी कर दिया गया है। इस संबंध में आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन और विधिक प्रक्रिया पूरी होने के उपरांत अब बालोद जिले के सभी ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त होने का दर्जा मिल गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए अभियान से जुड़े सभी अधिकारी–कर्मचारी, जनप्रतिनिधि सहित बालोद जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में सहभागिता निभाने वाले प्रत्येक व्यक्ति बधाई के पात्र है। उन्होंने अथक प्रयासों से बालोद जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण जिलेवासियों सहित समाज के सभी वर्गों के लोगों के प्रति विनम्र आभार माना है।

## आयोजन

समाज कल्याण विभाग ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

# समाज और राष्ट्र निर्माण में बुजुर्गों का योगदान अद्वितीय





हरिभूमि न्यूज बालोद

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित रजत जयंती वर्ष के सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 1 अक्टूबर को सिवनी स्थित समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस समारोह का आयोजन किया गया।

- 200 वृद्धजनों को श्रवण यंत्र एवं 300 को छड़ी वितरण की

समारोह में राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, शाहिद खान, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक के अलावा राकेश यादव छोटू एवं अन्य



जनप्रतिनिधियों के अलावा समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम सहित अतिथियों के साथ वृद्धजन उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों एवं वक्ताओं ने वृद्धजनों के कार्यों का उल्लेख करते हुए समाज व राष्ट्र निर्माण में बुजुर्गों के योगदान को अनुपम एवं अद्वितीय बताया। इस मौके पर अतिथियों ने वृद्धजनों के बीच पहुंचकर शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। इसके अलावा अतिथियों द्वारा वृद्धजनों को आवश्यकता अनुसार श्रवण यंत्र एवं छड़ी भी प्रदान की। समारोह में अतिथियों द्वारा शिक्षा, समाज सेवा आदि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले जिले के कुल 19 वृद्धजनों को सम्मानित भी किया गया। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन ने परिवार, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में बुजुर्गों के योगदानों का उल्लेख करते हुए बुजुर्गों को समाज का धरोहर एवं संरक्षक बताया। उन्होंने कहा कि घर, परिवार एवं समाज में बुजुर्गों के रहने से घर, परिवार एवं समाज का संरक्षण एवं संवर्धन होता है।

### अनुभव का लाभ उठाएं

चेमन देशमुख ने राष्ट्र व समाज के निर्माण में बुजुर्गों के योगदान को अतुलनीय बताते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि वे बहुत सौभाग्यशाली होते हुए जिनके घर में बुजुर्गों की उपस्थित सुनिश्चित होती है। देशमुख ने कहा कि बुजुर्गों से हमें असीमित अनुभव प्राप्त होने के अलावा उनसे नई पीढ़ी को सभ्यता, संस्कृति, नैतिकता, सदाचार, परोपकार जैसे उच्च मानवीय मूल्यों की शिक्षा भी प्राप्त होती है। चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि हमारे बुजुर्ग हमारे थाती एवं धरोहर है। उन्होंने कहा कि महान दार्शनिक रूसो ने कहा था 10 वृद्धजन विशाल पुस्तकालय के बराबर होते हैं। उल्लेखनीय है कि आज आयोजित समारोह में 200 वृद्धजनों को श्रवण यंत्र एवं 300 वृद्धजनों को छड़ी वितरण के अलावा 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने की कार्रवाई भी की गई। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल में लगाए गए स्टालों में चिकित्सकों द्वारा बुजुर्गों का नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य जांच कर आवश्यकतानुसार दवाइयां भी वितरित की गई।

# पत्थरबाजों ने युवक की पिटाई की

हरिभूमि न्यूज बालोद

तालाब में युवकों द्वारा फेके जा रहे पत्थर पास बैठे युवक को जा लगा, जिसके बाद युवक ने नाराजगी व्यक्त की तो पत्थर फेक रहे युवकों ने पीड़ित युवक के साथ मारपीट कर दी।

इसके बाद पीड़ित युवक ने मारपीट करने वाले युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पाउवारा थाना रनचिरई निवासी घनाराम पिता देवगन मेश्राम 19 वर्ष ने पुलिस को बताया कि 29 सितंबर को रात करीबन 9 बजे अपने घर से स्कूल के पास के तालाब शौच के लिये गया था, जहां पर गांव के समीर चंदेल, कुलदीप यादव, भूपति देशलहरे तालाब के पचरी के पास बैठकर तालाब में पत्थर फेंक रहे थे, तभी मुझे पत्थर लगने पर मेरे द्वारा पत्थर क्यों मार रहे हो बोलने पर भूपति देशलहरे 18 साल मुझे गाली गलौज देने लगा, मेरे द्वारा गाली गलौज देने से मना करने पर भूपति देशलहरे द्वारा अपने हाथ में पहने चूड़ा को निकालकर मेरे सिर में मारकर चोट पहुंचाने से मेरे सिर से खून निकलने लगा।

# भट्ठा लगाने पर हुआ विवाद, पड़ोसियों में मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** जिले के खैरथा बाजार पुलिस चौकी संजारी के अंतर्गत वार्ड 2, रामनगरपारा में बर्तन पकाने के भट्ठे को लेकर हुए विवाद में एक महिला और उसकी सास के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पुलिस ने गाली-गलौज और मारपीट करने वाले पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

रामनगरपारा निवासी उषा बाई सिन्हा ने पुलिस को बताया कि उनके घर की दीवार से सटाकर पड़ोसी प्रभा बाई पाड़े का घर है। प्रभा बाई कुम्हार हैं और वे अपने मिट्टी के बर्तन पकाने का भट्ठा बिल्कुल उनके घर से सटाकर लगाती हैं, जिससे भट्ठे का धुआं उनके घर के अंदर आता है। 30 सितंबर की शाम को जब उषा बाई सिन्हा ने प्रभा पाड़े को घर से सटाकर भट्ठा लगाने से मना किया, तो प्रभा पाड़े ने उन्हें गाली-गलौज दी और उनके बाल पकड़कर हाथ-मुक्कों से मारपीट की। बीच-बचाव करने आईं उषा बाई की सास कुमारी बाई सिन्हा को भी प्रभा पाड़े ने गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट शेष पेज 02 पर

# रामलीला में राम, सीता, रावण सहित अन्य पात्रों का अभिनय बालिकाओं ने किया, परंपरा को चुनौती

हरिभूमि न्यूज बालोद





पुरुषों द्वारा संचालित रामलीला तो अपने कई बार देखा होगा, लेकिन बालिकाओं की रामलीला आपने बहुत कम देखा होगा। जिला मुख्यालय से महज 15 किलोमीटर दूर ग्राम चारवाही में श्री राम लीला मंडली चारवाही द्वारा दशहरा के पांच दिन पहले रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

यह दूसरी बार है, जब पूरा आयोजन ग्राम की बालिकाओं द्वारा किया जा रहा है। इस मंडली के कलाकार में हर जगह ग्राम की ही बालिकाएं ही जिम्मेदारी निभा रही है। वैसे तो परंपरागत रामलीला में अब तक पुरुष ही राम, लक्ष्मण, सीता या रावण जैसे पात्र निभाते रहे हैं, लेकिन पिछले दो सालों से मंच पर इतिहास बन रहा है, राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, रावण और माता सीता सभी भूमिकाएं बालिकाएं निभा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहल ग्राम की बालिकाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें मंच देने के लिए की गई है, जिन किरदारों को पुरुष निभाया करते हैं, उन्हें बालिकाएं मंच पर जीवंत कर रही हैं। 22 बालिकाएं की टीम रामलीला के हर किरदार की भूमिका को बेहतरीन तरीके से निभा रही हैं।

जिसमें ओमेश्वरी राम की भूमिका मे, नम्रता लक्ष्मण की भूमिका मे और जया सीता की भूमिका निभाई, इसी तरह वामनी रावण, साधना कैकेई वशिष्ठ, हरिप्रभा मंत्र, डामेश्वरी बाणासुर बाली, ईशु सुग्रीव, वंदना महावीर, यामिनी दशरथ, मीनाक्षी भरत, खुशबू शत्रुघन, पूजा विश्वामित्र, खुशबू जामवंत, भावना ताड़का सूत्रधार, वासनी खडदुसन, धारणी द्वारपाल, भूमिका बंदी, दामिनी परशुराम, सुमन हेमलता, डीगेश सुमित्र सहित अन्य और बालिकाएं हैं जो अपना अपना किरदार निभाती हैं।

पंचमी से शुरू हुआ गणपति उत्सव, ब्रदर्स ग्रुप पांच वर्षों से निभा रहा परंपरा

# गंजईडीह में नवरात्रि पर मां दुर्गा के साथ होती है भगवान गणेश की पूजा

हरिभूमि न्यूज डौंडीलोहारा

क्वारं मास में चारों ओर नवरात्रि का माहौल है। देवी-मंदिरों में ज्योति कलश प्रज्जवलित है। नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जा रही है। वहीं डौंडीलोहारा विकासखंड के अंतर्गत स्थित खरखरा जलाशय के समीप ग्राम गंजईडीह में इन दिनों नवरात्रि के साथ गणेशोत्सव की भी धूम है। यहां ब्रदर्स ग्रुप के तत्वावधान में गणपति उत्सव का आयोजन किया गया है। इसकी विशेषता यह है यहां परंपरागत भादों मास के स्थान पर नवरात्रि पंचमी से गणपति प्रतिमा स्थापना की जाती है और दशहरे तक गणेशोत्सव मनाया जाता है। यह परंपरा लगातार पांच साल से निभाई जा रही है। गांव में गणपति बप्पा के आने से श्रद्धा और



उत्साह का माहौल है। ग्रामीणों ने भव्य सजावट की है और सांस्कृतिक कार्यक्रमों, भजन-कीर्तन, सामूहिक पूजा और आरती की जा रही हैं। गणपति को बुद्धि, विवेक और विघ्नहर्ता माना जाता है। ग्रामीणों का मानना है कि गणपति बप्पा का आशीर्वाद उनके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाता है। इसलिए उनकी पूजा-अर्चना विशेष श्रद्धा से की जा रही है। गांव के लोगों से बात करने पर बताया कि नवरात्रि में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापना के साथ- साथ गणपति विराजित किया गया है।

### दशहरे के दूसरे दिन होगा विसर्जन

गणपति उत्सव में बच्चों, किशोरों और युवाओं की भागीदारी है। सभी ने मिलकर उत्सव की तैयारियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गणपति बप्पा की प्रतिमा का विसर्जन दशहरे के दूसरे दिन किया जाएगा। ग्रामीणों ने विसर्जन के लिए तैयारी प्रारंभ कर दी है और बप्पा को श्रद्धापूर्वक विदाई देने के लिए संकल्पबद्ध हैं।

## सत्य साईं बाबा की जन्म शताब्दी पर हुआ भजन अमृत महोत्सव का आयोजन

# सत्य साईं बाबा की मानव सेवा का प्रकल्प हम सबके लिए अनुकरणीय

हरिभूमि न्यूज गुण्डरदेही



सत्य साईं सेवा संगठन द्वारा सत्य साईं बाबा की जन्म शताब्दी अवसर पर 100 भजन अमृत महोत्सव का आयोजन के शारदा वाटिका गुण्डरदेही में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं पद्मश्री शमशाद बेगम द्वारा किया गया। समापन अवसर पर योग आयोग अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, लोकसभा क्षेत्र कांकेर सांसद भोज राजनाग, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, टीनेश्वर बघेल, युवराज मारकंडे, थानसिंह मंडावी, पवन सोनबरसा, सुरेश स्वर्णकार, थानमल जैन, शैलेंद निषाद आदि जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

इस अवसर पर योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि मनुष्य के शरीर का भूख भोजन से तृप्त होता है, उसी प्रकार आत्मा के भूख के लिए ईश्वर भजन आवश्यक है, भजन कीर्तन परमपिता परमेश्वर को प्राप्त करने का सशक्त माध्यम है। सांसद भोजराज नाग ने कहा कि भजन ईश्वर के करीब पहुंचने का माध्यम है, इससे सांस्कृतिक एकता मजबूत होती है, सत्य साईं बाबा के मानव सेवा का प्रकल्प हम सबके लिए अनुकरणीय हैं, परोपकार से ही मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर सकता है।

सत्य साईं सेवा संगठन के प्रांत अध्यक्ष टी रामा राव ने सत्य साईं के जन्मदिन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19नवंबर कोप्रशांति निलियम पुत्तपथएँ आने की जानकारी दी एवं अधिक संख्या में भक्तों को जाने के लिए आह्वान किया ,साथ में बताया कि केंद्र सरकार के रेल मंत्री द्वारा अलग से रेल सुविधा भी प्रदान की जा रही है। महिला आध्यात्मिक संगठन प्रमुख टी अंजना रामा राव ने साईं भक्तों को संबोधित करते हुए वेद पुराण के अनेक उदाहरण के माध्यम से मानव सेवा उपकार के संबंध में प्रकाश डाला।

इस अवसर पर आयोजन प्रमुख के रूप में केशव राम साहू, अनिल कटहरे,श्रीनिवास राव सेवादल प्रभारी दुर्ग, रंग दमन राजपूत, लोचन सिन्हा, इंदल साहू, लेख राम साहू, यज्ञदत्त रामटेके, ज्ञान सिंह साहू, कन्हैया साहू, टेकराम साहू, चुनू रामचंद्राकर, लखन लाल साहू, शारदा देवी साहू, हेमलता, पामीन साहू, आमीन ठाकुर, गोमती कटहरे, हंशा रामटेके आदि भक्तजन उपस्थित थे।




## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब का वार्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

**डौंडीलोहारा।** नगर के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब द्वारा वार्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे डॉ रोशन आरा थी। कार्यक्रम मे स्वयंसेवकों को रेड रिबन क्लब के कार्यों और उद्देश्यों के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सभी स्वयंसेवको को टीशर्ट, लोवर, बैच व टोपी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन क्लब प्रभारी पुरुषोत्तम भूआर्य व सहप्रभारी श्री कुलेश्वर पटेल के द्वारा किया गया।

## पेज 3 के शेष

### ऐतिहासिक ...

प्रक्रिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत के लिए ग्राम सभा बुलाकार इस संबंध में प्रस्ताव पारित कराना अनिवार्य होता है। उसके पश्चात इसका अभिलेखीकरण कर कलेक्टर को प्रस्ताव प्रेरषित किया जाता है। नगरीय निकायों के लिए भी यही प्रक्रिया निर्धारित है। इन सभी प्रक्रियाओं के उपरांत कलेक्टर द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय घोषित होने का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

### भट्ठा लगाने ...

और झुमा-झपटी की, जिससे कुमारी बाई के दाहिने कान के पास चोट आई है। पीड़ित उषा बाई सिन्हा की शिकायत पर पुलिस ने प्रभा बाई पाड़े के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता की संगत धाराएं) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले की जाँच शुरू कर दी है।

### बस की ठोकर से ...

लेकर गये है, सूचना मिलने पर मैं डौंडी सरकारी अस्पताल गया व घटना के संबंध में मेरी बहन के द्वारा बताने पर व चोट गंभीर होने पर रिफर करने पर मैं व मेरा जीजा दिनेश्वर व परिवार वाले के साथ उच्च ईलाज हेतु रायपुर में भर्ती किया हूं।

**पर्व : श्रृंगार सामग्री पाकर खिले कन्याओं के चेहरे**

# महानवमी पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना, कन्याओं का हुआ पूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के राजापारा स्थित नूतन दुर्गोत्सव समिति द्वारा महानवमी के दिन मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विशेष आराधना की गई। इस अवसर पर धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की महिलाओं और युवतियों ने माता की सेवा भावना को प्रमुखता दी।

कार्यक्रम में स्वाति राजपूत, मोनिका देवांगन, सुभाषिनी राजपूत एवं नीलू पांडे ने नौ कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर ससम्मान आमंत्रित किया। परंपरा अनुसार नन्ही कन्याओं का स्वागत आलता, गुलाल, चंदन, चुनरी एवं श्रृंगार सामग्री से किया गया। तत्पश्चात उन्हें विधिवत पूजित कर मां का स्वरूप मानकर आराधना की गई। भोजन प्रसादी के रूप में कन्याओं को खीर, पूरी, हलवा एवं फल खिलाए गए। आयोजन में विशेष बात यह रही कि कन्याओं को पूजन उपरांत भेंट स्वरूप श्रृंगार सामग्री प्रदान की गई, जिसे पाकर बच्चियों के चेहरे खिल उठे। इस आयोजन में बड़ी संख्या में समिति के सदस्य, स्थानीय श्रद्धालु एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे और माता के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। समिति के सदस्यों ने बताया कि कन्या पूजन नवरात्र का प्रमुख अंग है। मान्यता है कि नौ कन्याओं में स्वयं मां दुर्गा के नौ स्वरूप विद्यमान रहते हैं। कन्या पूजन एवं भोजन कराने से साधक को नवदुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त होता है तथा घर-परिवार में सुख-समृद्धि एवं शांति बनी रहती है। नूतन दुर्गोत्सव समिति राजापारा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने धार्मिक परंपराओं को जीवंत कर श्रद्धालुओं के हृदय में आस्था और भक्ति को और भी प्रगाढ़ कर दिया।

## नवरात्रि में चैतन्य झांकी ने दी नैतिकता और योग साधना का प्रेरणादायक संदेश

**बालोद।** नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद में आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी के षष्ठम दिवस के उद्घाटन अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के चेयरमेन व जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, समाजसेवी राजेश सोनी, महिला थाना एस.आई गीता गोस्वामी, ब्रह्माकुमारी संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी, बीके. सरिता दीदी उपस्थित थे।

हजला पंचायत उपाध्यक्ष टोमन साहू ने कहा कि चैतन्य झांकी देखकर यही विचार आया कि आज कलियुग में हम सभी चारों तरफ अनाचार, पापाचार और भ्रष्टाचार जो देख रहे है तो यदि हम सभी अपने आसपास के लोगों को चैतन्य देवी और देवता मानकर चलें तो इस कलियुग में भी ऐसे पापों को बढ़ने से बचाया जा सकता है यही संदेश इस चौतन्य झांकी के माध्यम से हमारे दीदियों के द्वारा दिया जा रहा है।



राजेश सोनी ने कहा कि मै ब्रह्माकुमारी दीदियों को बहुत सुंदर झांकी आम जन के लिए प्रेरणादायी है। यह बताता है कि योग साधना से कुछ भी असंभव नही है। 3 अक्टूबर से प्रातः 7:30 से 8:30 बजे व शाम 7:30से 8:30 बजे तक सात दिवसीय राजयोग शिविर रखा गया है। दोनो में से कोई भी एक समय कोई भी भाई बहने इस शिविर का लाभ उठा सकते है।

## अनोखी परम्परा : फूलझर में नवमी को होता है रावण का दहन

**बालोद।** जिले के ग्राम फूलझर में पिछले लगभग 60 वर्षों से दशहरे का पर्व दशमी के बजाय नवमी को धूमधाम से मनाया जाता है। ग्रामीण स्वयं ही रावण के पुतले का निर्माण करते हैं और बुजुर्ग कलाकार रामलीला की प्रस्तुति देते हैं। ग्रामीण गोविंद साहू, कमलेश साहू, ललित जोशी, गौतम साहू, सालिक साहू, बोधन ठाकुर, शत्रुघन देशमुख ने बताया कि यह परंपरा मालगुजार प्रथा के समय से चली आ रही है। उस समय फूलझर और बिरेतरा एक ही मालगुजार के अधीन थे। बड़े-बुजुर्गों ने तय किया था कि नवमी को फूलझर में और दशमी को बिरेतरा में दशहरा मनाया जाएगा। धीरे-धीरे यह प्रथा स्थाई हो गई है।

▪ यहां 60 वर्षों से मनाया जा रहा दशहरे का पर्व

गांव में अभी भी पुराने कलाकार ही रामलीला के मुख्य रावण दहन के पाठ का मंचन करते हैं। उन्हें संवादों को याद करने के लिए एक-दो बार रिहर्सल की ही जरूरत होती है और वे सारे संवाद मुखाग्र बोलते हैं। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है कि वर्तमान में नई पीढ़ी तैयार नहीं है जो इस वर्षों पुरानी रामलीला की परंपरा को आगे ले जा सके।



### रावण दहन का खास आकर्षण

गांव में 17 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण ग्रामीण खुद करते हैं, जिसका खर्च ग्राम समिति उठाती है। यहां के रावण दहन की सबसे खास बात यह है कि पुतले का सिर भगवान राम द्वारा चलाए गए प्रत्येक बाण के साथ अलग होकर पुनः जुड़ जाता है। ग्रामीणों द्वारा तैयार यह पुतला इंजीनियरिंग की नायाब कलाकारी का बेहतरीन नमूना पेश करता है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से ग्रामीण विशेष रूप से पहुंचते हैं। रावण दहन के समय जबरदस्त आतिशबाजी होती है।



### माता दुर्गा प्रतिमा का हुआ विसर्जन

बालोद। ग्राम मुढ़िया में नौ दिनो तक माता रानी की सेवा के बाद जस सेवा व गाजे बाजे के साथ माता रानी के प्रतिमा को जलप्रवाहित किया गया। जिसमे विसर्जन के समय डांग डोरी के अगुवाई मे माता रानी को ग्राम भ्रमण कराया गया जहां ग्रामीण माता के दर्शन कर उनसे आर्शीवाद लेते दिखे। यह जानकारी शिवकुमार सिन्हा के द्वारा दिया गया।

## ग्राम घोठिया में 5 को भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन

**डोंडी।** ग्राम घोठिया में विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक दशहरा 5 अक्टूबर दिन रविवार को दशहरा महोत्सव का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के सभी गांव के लोग बडी सख्या में भाग लेकर इस कार्यक्रम का आनंद लेते है आसपास के ग्रामीण घोठिया दशहरा महोत्सव का बडी बेसब्री से इंतजार करते है और इस दिन को हजारों लोग पर्व के रूप में मनाते है । इस दिन कार्यक्रम सुबह 10 बजे से ग्रामीणों के द्वारा भव्य आंगा एवं जवारा निकाल कर पुरे गांव में भ्रमण किया जाता है फिर 3 बजे आदरणीय अतिथियों का स्वागत संत्कार और आशीर्वाद पश्चात रावण अंगद का दमदार वार्ता पश्चात भव्य आतिश बाजी पश्चात रावण का पुतला दहन किया जाता है ।कार्यक्रम का मुख्य अतिथि - तोमन साहू ( जिला पंचायत उपाध्यक्ष बालोद व रेड सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष)

अध्यक्षता - मितेंद्र कुमार वैष्णव ( संरक्षक जय बजरंग राम लीला मंडली व महामंत्री भाजपा कुसुमकसा मंडल) विशिष्ट अतिथि - मुकेश कौडो ( अध्यक्ष जनपद पंचायत डौंडी ) योगेन्द्र सिंहा ( मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा) स्वाधीन जैन ( प्रदेश कार्यकारणी सदस्य भाजपा) जयदीप गुप्ता ( प्रदेश कार्यकारणी सदस्य भाजपा) सोमेंश साहू - (पुर्व मंडल अध्यक्ष डौंडी भाजपा) अकबर तिगाला ( जिला अध्यक्ष अल्प सख्यक आयोग बालोद) अनीता कमें टी (पुर्व जिला पंचायत सदस्य) ममता मंडावी (सरपंच ग्राम पंचायत घोठिया)कार्यक्रम के संरक्षक - कुलवंत प्रकाश वैष्णव तेज प्रकाश वैष्णव डां हेमंत साहू टिकेश्वर साहू ललीत साहू गौरण साहू।

# नेवारीकला में तीन पीढ़ियों के सहयोग से रामलीला की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम नेवारीकला में 80 वर्ष पुरानी रामलीला की परंपरा को जीवित रखने के लिए इस वर्ष लीला मंडली एक अनूठा प्रयोग कर रही है। इस वर्ष तीन पीढ़ियों बच्चे, युवा और बुजुर्ग मिलकर रामलीला प्रस्तुत करेंगे। इस वर्ष रामलीला मंडली ने बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों को संयोजित कर एक नई प्रस्तुति की तैयारी की है। ग्रामीण कलाकार इस आयोजन के लिए एक माह पूर्व से ही तैयारी शुरू कर देते हैं। दिन भर काम से थकने के बाद भी वे रात में खाना खाने के बाद मानस भवन में इकट्ठा होकर देर रात तक रिहर्सल करते हैं, संवादों को बिना देखे बोलने के लिए कंठस्थ याद करते हैं। आसपास के गांवों में रामलीला समाप्त होकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने जगह ले ली है, लेकिन नेवारीकला के कलाकारों का यह समर्पण ही है कि यहां की वर्षों पुरानी रामलीला आज भी जीवंत है। इस वर्ष बच्चों को कई मुख्य किरदार सौंपे गए हैं।

▪ 80 साल पुराने रावण पुतले की आकर्षक सजावट



### 80 साल पुराना रावण का पुतला

ग्राम नेवारीकला में आजादी से पहले बना लगभग 80 साल पुराना सीमेंट का रावण का पुतला आज भी बिना किसी दरार या जीर्णोद्धार की नौबत के जस का तस खड़ा है, जो सभी के लिए आश्चर्य का विषय है। हालांकि, पुतले के नीचे बना चबूतरा जर्जर हो गया था, जिसका हाल ही में ग्राम समिति द्वारा जीर्णोद्धार कराया गया है। ग्राम में 3 अक्टूबर, शुक्रवार एकादशी के दिन आतिशबाजी के साथ रामजी की यात्रा निकाली जाएगी और इस 80 साल पुराने सीमेंट के पुतले का दहन किया जाएगा।

## बार कौंसिल चुनाव में जिले में हुआ 67 प्रतिशत मतदान

**बालोद।** छत्तीसगढ़ राज्य बार कौंसिल चुनाव के तहत मंगलवार को प्रदेशभर के न्यायालय परिसरों में मतदान शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। बालोद जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में भी अधिवक्ताओं ने बड़े उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसएल. नवरत्न के नेतृत्व में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सोनी पीठासीन अधिकारी ने चुनाव संपन्न कराया। उनके मार्गदर्शन में सुबह 10 बजे से मतदान प्रारंभ हुआ और शाम 5 बजे तक सुचारू रूप से चला। बालोद में हुए मतदान के तहत प्रदेश में कुल 105 उम्मीदवारों को लेकर होने वाले चुनाव में बालोद जिले में कुल 340 मतदाता थे, जिसमें कुल 217 मत पड़े। जिले के अंतर्गत बालोद को मिलाकर गुरुर, दल्ली राजहरा, डौण्डी लोहारा ब्लॉक के अधिवक्ताओं ने अपना मत दिया।

▪ जिले के 217 मतदाओं ने किया मतदान

इस प्रकार बालोद जिले में कुल 67 प्रतिशत मतदान हुआ। बालोद जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष अधिवक्ता लेखक चतुर्वेदी जिले से एकमात्र प्रत्याशी थे। अधिवक्ताओं ने बताया कि इस चुनाव में प्रत्येक मतदाता को 5–5 मत देना था। प्रदेश में कुल 105 सदस्यों में से 25 सदस्यों का चुनाव किया जाना है। यह 25 सदस्य आगामी दिनों में प्रदेश अध्यक्ष के लिए चुनाव करेंगे। लंबे समय के बाद यह चुनाव आयोजित हुआ, जिससे अधिवक्ताओं में खासा उत्साह और जोश देखा गया। पूरे दिन न्यायालय परिसर में चुनावी माहौल देखने को मिला। अधिवक्ताओं में अपने उम्मीदवारों को जिताने की ललक भी स्पष्ट रूप से नजर आई, वहीं निष्पक्ष और शांति पूर्वक चुनाव कराने में प्रशासन व चुनाव टीम की भूमिका सराहनीय रही।




सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### संतुराम को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**डौंडीलोहारा।** शासकीय आई टी आई डौंडीलोहारा में कार्यरत संतुराम ठाकुर अधिवार्षिकी आयु 62 वर्ष पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हुए। उनके द्वारा इस संस्था में 41 वर्षों की सेवाएं दी गई। इस अवसर पर संस्था में विदाई सम्मान समारोह रखा गया, जिसमें संस्था के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्राचार्य राजेश कुमार कुर्रे ने उनकी कर्तव्य निष्ठा तथा अनुशासन को अन्य कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा बताए। संतूराम ठाकुर ने सभी अधिकारी तथा कर्मचारियों के साथ बिताए पलो को याद किए तथा सभी को अपने कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने की बात कही। संस्था परिवार की ओर से उन्हें एक प्रशस्ति पत्र एवं उपहार प्रदान किया गया।

### आरएसएस ने किया पथ संचलन



**कुसुमकसा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा मंडल कुसुमकसा द्वारा आयोजित पथ संचलन कार्यक्रम भारी बारिश के बीच भी पूर्ण उत्साह से संपन्न हुआ। पथ संचलन निर्धारित समय पर प्रारंभ हुआ और तेज पानी की बौछारों के बीच भी संघ के स्वयंसेवकों ने भीगते हुए इसे पूरा किया। यह यात्रा शिव मंदिर, बस स्टैंड चौक और गैरेज पारा होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समाप्त हुई। पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट अनुशासन और जोश के साथ अपनी भागीदारी दर्ज कराई। पूरा पथ संचलन वंदे मातरम के नारों से गूंजता रहा। कुसुमकसा के व्यापारी संघ ने बस स्टैंड चौक में पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। पथ संचलन के समापन बाद वाय पी गांगुली, राजेंद्र राठी और छगन पटेल ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। वक्ताओं ने संघ की विचारधारा, संगठन के इतिहास और समाज सेवा से जुड़े कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के लिए सेवा, अनुशासन, शारीरिक क्षमता और मानसिक अनुशासन को समाज सेवा की आधारशिला बताया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई सदस्य उपस्थित थे।

### ओटीपी आया और खाते से उड़ गए 1.97 लाख

**भिलाई।** बैंक खाते से अज्ञात ने रुपए पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि प्लॉट नं 29 वार्ड नंबर 60 नेहरू नगर निवासी अजय मित्रा ने का कोटेक महन्द्रि बैक में सेविंग खाता है। 10 सितंबर को वाटसअप पर क्रेडिट कार्ड देने का मैसेज आया। जिसे स्वीकार करने के बाद अज्ञात मोबाईल नंबर से फोन आया कि कोटेक महिन्द्रा बैंक का अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड का लिमिट बढाने का झांसा देकर दो बार ओटीपी मोबाइल पर भेजा। उसके बाद पीड़ित के खाते से कुल 1 लाख 97 हजार 912 रुपए पार हो गया।

## पर्व : देवी और दुर्गा पंडालों में हुआ आयोजन, ज्योत जंवारा का विसर्जन

# अष्टमी पर हवन और 9 कन्याओं को भोज कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

ग्राम रेंगाडबरी में शारदीय नवरात्रि पर्व पर नौ दिनों तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों ने मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था और श्रद्धा अर्पित की। ग्राम के सांस्कृतिक कला मंच में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जहां प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना एवं आरती संपन्न होती रही। अष्टमी के दिन हवन पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नौ कन्याओं को भोजन कराया गया और पूरे गांव के लिए भंडारे का आयोजन रखा गया।

गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमा और ज्योति कलश को पूरे गांव के मोहल्लों में भ्रमण कराते हुए सोमानायक तालाब में विसर्जन किया जाएगा। विसर्जन यात्रा में ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ भक्तगण शामिल होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में रात्रि को रामलीला का मंचन रखा गया है, जिसमें रावण वध के उपरांत रावण का पुतला दहन किया जाएगा। इसके बाद रात्रि 10 बजे से मनोरंजन हेतु लोक सांस्कृतिक छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी महतारी के मया ग्राम चिखली बांधा बाजार का विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी।







### संतोषी माता मंदिर में ज्योत जंवारा का विसर्जन





**डौंडीलोहारा।** ग्राम कापसी में स्थित साहू परिवार द्वारा निर्मित संतोषी माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन आस्था और भक्ति के साथ हुआ। इस वर्ष भी नौ दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चली, जिसमें श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर भक्ति भाव व्यक्त किया। नवरात्रि के प्रथम दिन से प्रज्ज्वलित ज्योति पूरे आठ दिनों तक अखंड रही। प्रतिदिन सुबह-शाम की आरती, जसगीत और भक्ति गीतों की स्वर लहरियों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। नवमी के दिन पारंपरिक रीति-रिवाज से जोत जंवारा विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। श्रद्धालु डांग-डोरी लेकर गली भ्रमण पर निकले, जहां गांव के हर घर में जोत जंवारा की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया गया। इस यात्रा में गोपी साहू एवं दयालुराम साहू के परिवार की विशेष उपस्थिति रही। जंवारा विसर्जन यात्रा के बाद संतोषी माता मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी वर्गों के ग्रामवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन ने ग्राम कापसी और आस-पास के क्षेत्रों में भक्ति, सामाजिक एकता और आपसी सहयोग की परंपरा को और मजबूत किया। श्रद्धालुओं ने माता संतोषी से गांव की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

### नवरात्रि समापन पर हवन-पूजन ढोल बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा

**गुरूर।** बुधवार को महानवमी के पावन अवसर पर नगर सहित ग्रामीण अंचल में हवन पूजन कर विसर्जन किया गया,जहां नवरात्रि में नौ दिन तक मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर प्रतिदिन पूजा अर्चना किया जा रहा था। कई ग्रामों मे मंगलवार को अष्टमी हवन पूजन कर बुधवार को महानवती पर मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। जहां ढोल बाजे के साथ डांग डोरी देवी देवता नाचते झूमते शोभायात्र निकालकर विसर्जन किया गया। ग्राम ठेकवाडीह में नवमी की पावन अवसर पर हवन पूजा किया गया। जिसमें ब्राह्मण के द्वारा मंत्रैचार के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया गया। तत्पश्चात नौ कन्या भोज कराया गया। सांथ मे भैरु को भी भोज कराया गया। जिसमें नौ कन्याओं की पूजा आरती कर सुख समृद्धि की कामना की गई। गुरुवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्र निकाली जाएगी।

### श्रद्धा और उत्साह से ज्योति कलशों का विसर्जन



**डौंडीलोहारा।** रेंगाडबरी के राधा कृष्ण मंदिर में यादव समाज द्वारा ज्योति कलश स्थापना कर 9 दिन बाद विसर्जन किया। वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में शारदीय नवरात्र में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी सर्किल यादव समाज द्वारा 9 दिनों तक ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया था। वही बुधवार को नवमी के दिन हवन पूजन करके विसर्जित किया गया, बता दें कि आसपास से यादव समाज द्वारा बड़े ही उत्साह से खीर पुड़ी एवं भोजन प्रसादी भंडारा का कार्यक्रम भी रखा गया था जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु भंडारा में शामिल हुए।





### नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई

**अंडा।** ग्राम परसदा डंगनिया में मां दुर्गा का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी और भक्तगण उपस्थित रहे। भक्तों ने मां दुर्गा का विधि-विधान से पूजन किया। पूजन के उपरांत, माता रानी की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया गया जहां उन्हें विदाई दी गई। इस दौरान गांव की महिला-पुरुष समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। माता रानी को सेवा भजन के साथ गांव में भ्रमण किया गया फिर माँ दुर्गा रानी को भाव भजन से विसर्जन किया गया।

### महाअष्टमी पर आंगनबाड़ी केंद्रों में कन्या भोज कराया गया



**अंडा।** राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत जिला महिला बाल विकास अधिकारी अजय साहू के मार्गदर्शन में आज महा अष्टमी अंतर्गत कन्या भोज का आयोजन ग्राम पंचायत अंडा के आंगनबाड़ी केन्द्रों में किया गया। जिसमें परियोजना अधिकारी उषा झा, पर्यवेक्षक रेखा लो नारे, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर ,सरपंच दिग्विजय सिंह ,उप सरपंच यशवंत बंजारे, पंच गोपाल साहू , युसूफ खान उपस्थित हुए जनपद सदस्य द्वारा कन्या के स्वास्थ्य और पोषण की ओर विशेष ध्यान देने पर जानकारी दी गई ।परियोजना अधिकारी द्वारा कहा गया आज की कन्याएं कल की माताएं हैं उनके स्वास्थ्य और उचित खान पान की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है विशेष ध्यान नही देने पर बालिकायें कुपोषण का शिकार हो सकती है, कुपोषण के चक्र को तोड़ने के लिए कन्या के पोषण पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पंच हेमेंद्र चौहान के सौजन्य से कन्या भोज में खीर पुरी का वितरण किया गया। उपस्थित सभी जन प्रतिनिधियों के हाथों कन्या एवं बच्चों को उपहार का वितरण किया गया आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तारिणी ढीमर दीपिका चौहान शकुन साहू द्रौपदी तारक उषा साहू सहायिका गिरजा जोशी धर्मिन टंडन,जुलेखा बेगम उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने कन्या भोज पर बढ़-चढ़ के सहयोग किया आज बच्चे बहुत खुश थे।

# साहू समाज कोलिहामार परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने दुलार साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

साहु समाज कोलिहामार परिक्षेत्र का चुनाव साहू सदन गुरुर में सम्पन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए ठेकवाडीह से दुलार साहू, नोहर साहू एवं कुलिया से यालेश साहू चुनाव मैदान में थे। जिसमें दुलार साहू को 41 मत, नोहर साहू 11 मत एवं यालेश साहू को 13 मत प्राप्त हुए। जिसमे दुलार साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से 28 मतो से विजय हासिल कर कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष बने। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए दानीटोला से यशवंत साहू को 43 मत एवं दरगहन के मोहन साहू को 23 मत मिले। जिसमे यशवंत साहू ने मोहन साहू को 20 मतो से पराजित किया। निर्वाचित अध्यक्ष दुलार साहू ने कहा कि यह चुनाव है। हार जीत होता है, लेकिन सभी निर्वाचित सदस्यों के साथ आपस मे मिलकर संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करेगे। महिला उपाध्यक्ष कोलिहामार से नम्रता महमल्ला, पुरुष संगठन सचिव मे दरगहन निवासी नारायण साहू एवं महिला संगठन कोलिहामार सचिव मे झामेश्वरी हिरवानी निर्वाचित हुए। पर्यवेक्षक के रुप मे जिला साहू संघ उपाध्यक्ष रामदयाल साहू, तहसील सचिव घनाराम जेठमल, पुरुर परिक्षेत्र अध्यक्ष मिथलेस साहू उपस्थित थे। चुनाव शांति पूर्ण सम्पन्न हुई। इस अवसर पर वर्तमान परिक्षेत्र अध्यक्ष भारत सार्वा, याद राम साहू, पीलू राम साहू, मोती राम साहू, सरपंच राजेंद्र साहू, दुष्यंत साहू, भीषम महमल्ला, परस साहू विशाल सिह अठनागर सहित ग्राम ठेकवाडीह, कोलिहामार, बोहारडीह, कुलिया, नवागांव, डोकला, दरगहन, दानीटोला के साहू समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### परिक्षेत्र साहू संघ के अध्यक्ष बने नसीब राम साहू



**डौंडीलोहारा।** परिक्षेत्र साहू संघ बड़गांव का त्रिवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में परिक्षेत्र अध्यक्ष नसीब राम साहू, परिक्षेत्र उपाध्यक्ष हलधर साहू,महिला उपाध्यक्ष देवकी बाई साहू, संगठन सचिव नरसिंह साहू, महिला संगठन सचिव मनीषा साहू भारी मतों से विजयी हुए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव पर्यवेक्षक अरुण साहू, दुलार साहू, तोरण साहू , मेघनाथ साहू, राजेंद्र प्रसाद साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडी लोहारा, राधेश्याम गंजीर उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ डौंडीलोहारा, कन्हैया लाल साहू संरक्षक परिक्षेत्र बड़गांव, उमाशंकर साहू सचिव परिक्षेत्र बड़गांव, घनश्याम साहू, किशोर कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत बैहाकुआं, टोप सिंह साहू प्रमुख सलाहकार, चैन सिंह साहू , जागेश्वर साहू, रैन सिंह साहू, दानी राम साहू, रमीन बाई साहू, जगत राम साहू, भेष राम साहू ने निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किए।

### महाअष्टमी पर भंडारा का आयोजन



**अंडा।** नवयुवक दुर्गोत्सव समिति गांधी चौक परसदा में महाअष्टमी के पावन पर्व पर महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें खोमलाल, शुभम लक्की, प्रवीण, राहुल, महेंद्र साहू रोहित साहू, चतुर ठाकुर,धनेश विश्वकर्मा, चंद्रप्रकाश विश्वकर्मा ढेलू राम हवन पूजन करने के लिए गणेश शर्मा पंडा दशरथ विश्वकर्मा, पीयूष साहू इत्यादि एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा सम्पन्न हुआ।

### पटेल संघ की बैठक 4 अक्टूबर को

**गुरूर।** तहसील ग्राम पटेल संघ की बैठक 4 अक्टूबर को 11 बजे से रखा गया है। जिसमें ग्राम पटेल पदाधिकारी का चुनाव किया जाएगा। यह जानकारी ग्राम पटेल कोलिहामार सूरज राम लावत्रे ने दी है।



### रामलला दर्शन के लिए तीर्थ यात्री रवाना

**गुरूर।** अयोध्या दर्शन के लिए विकासखण्ड से तीर्थ यात्री रवाना हुए। अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरुर सुनीता संजय साहू ने हरी झण्डी दिखाई। इस दौरान उन्होने दर्शनार्थियों को हार माला पहनाया तथा नारियल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। सुनीता साहू ने कहा हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुखिया विष्णुदेव साय प्रदेश के बुजुर्गों के लिए श्रवण कुमार बन कर उन्हे तीर्थ भ्रमण करा रहे हैं। कांग्रेस सरकार मे यह सुविधा बंद कर दिए थे, जिसे भाजपा की सरकार बनने के तुरंत ही आरंभ कर दिया गया है।

# चिलमगोटा में एक कुंडली गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

■ धार्मिक अनुष्ठान, विशाल भंडारे का आयोजन हुआ

वनांचल के ग्राम चिलमगोटा में दुर्गा नवमी के पावन अवसर पर समस्त गायत्री परिवार के तत्वावधान में एक कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान में ग्रामवासियों की उपस्थिति ने माहौल को और अधिक पवित्र एवं भक्तिमय बना दिया। संस्कार के पश्चात यज्ञ की पूर्णाहुति और आरती की गई, जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से भाग लेकर पुण्य अर्जित किया। धार्मिक अनुष्ठान के समापन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें खीर, पुरी एवं भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। जिसे सभी श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों ने प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया।




इस कार्यक्रम में यज्ञाचार्य केजुराम ईस्दा, तोरणलाल कृषाणे, कैलाश बारले, बोहरन भंडारी, रामसिंह कृषाणे, प्रिया साहू तथा भीखम भुआर्य सहित पूरे गांव के ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा। सभी ने अपने श्रम, सहयोग और सेवा से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामवासियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को प्रगाढ़ करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता, भाईचारे और सामूहिक सहयोग की भावना को भी मजबूत बनाते हैं। इस प्रकार दुर्गा नवमी के दिन सम्पन्न हुआ यह एक कुंडली गायत्री महायज्ञ ग्राम चिलमगोटा के लिए धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से एक अविस्मरणीय अवसर रहा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

टैटू (गोदना)
मिटाये नई तकनीक लेजर व्दारा

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411